Title: Need for early conversion of rail line between Chhindwara and Nainpur in Madhya Pradesh into broad gauge-Laid.

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी): अध्यक्ष महोदय, दक्षिण पूर्व के रेलवे के अंतर्गत गेज परिवर्तन के लिये मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा-सिवनी-नैनपुर (140 किलोमीटर) रेल लाइन की आरंभिक इंजीनियरी-सह-यातायात सर्वेक्षण स्वीकृत है। इंजीनियरी फील्ड सर्वेक्षण पूरा हो गया है और रिपोर्ट एवं प्राक्कलन अंतिम रूप में है। जिला प्र ाधिकरण, राजस्व प्राधिकरण, वन प्राधिकरण और खाद्य निगम जैसे अभिकरणों से यातायात जैसे प्रक्षेपणों का संग्रह किया जा रहा है जो अंतिम स्थिति में हैं। इस गेज परिवर्तन से महाकौशल क्षेत्र के सिवनी-मंडला-बालाघाट-छिंदवाडा जैसे आदिवासी बहुल अंचल ब्राडगेज से जुड़ जावेंगे। जो प्रचुर खनिज तथा प्राकृतिक सम्पदा से सम्पन्न होते हुए भी ब्रॉडगेज के अभाव में विकास में अत्यधिक पिछड़ गये हैं। हम आशा करते हैं कि इसी र्वा के बजट में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवा कर गेज परि वर्तन का कार्य शीघ्र प्रारंभ करवा कर इस पिछड़े अंचल का विकास सुनिश्चित करेंगे।

रेल मंत्री से आग्रह है कि परासिया से छिंदवाड़ा पूर्व में ही छोटी लाइन से बड़ी लाइन में परिवर्तित हो चुका है। छिंदवाड़ा से सिवनी (70 किलोमीटर) गेज परिवर्तन को धन राशि उपलब्ध करवा दी जावे तो एक जिला मुख्यालय और बड़ी लाइन से जुड़ जावेगा।